(1)

# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 40वीं बैठक दिनाँक 28 फरवरी, 2019 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 40वीं बैठक दिनाँक 28 फरवरी, 2019 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थीः—

| | |
|---|---|
| 1. डा0 गया प्रसाद, कुलपति | **अध्यक्ष** |
| 2. श्री ओमप्रकाश शर्मा, मा0 सदस्य, विधान परिषद | **सदस्य** |
| 3. डा0 अनीता लोधी राजपूत, मा0 विधायक | **सदस्य** |
| 4. श्रीमती सुषमा सिंह, सामाजिक महिला कार्यकत्री | **सदस्य** |
| 5. श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक | **सदस्य** |
| 6. श्री ए0के0 सिंह, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि) | **सदस्य** |
| 7. श्री अरूण कुमार, सहायक निदेशक कृषि, मेरठ। (प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रतिनिधि) | **सदस्य** |
| 8. डा0 प्रशांत सत्य, पशु चिकित्साअधिकारी (सचल), मेरठ। (निदेशक पशुपालन के प्रतिनिधि) | **सदस्य** |
| 9. डा0 आर0के0 गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ। (प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि) | **सदस्य** |
| 10. श्री अवध नारायण, वित्त नियंत्रक | **सचिव** |

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष एवं वित्त नियन्त्रक द्वारा मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया।

G. Prasad

**Dr. Gaya Prasad**
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

**अवध नारायण**
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ—250110

**प्रस्ताव संख्या 40.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 39वीं बैठक दिनाँक 07 जनवरी, 2019 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 39वीं बैठक दिनांक 07 जनवरी, 2019 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।

**(कार्रवाईः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 40.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 39वीं बैठक दिनाँक 07 जनवरी, 2019 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

1. मा0 प्रबन्ध परिषद की 39वीं बैठक दिनांक 07 जनवरी, 2019 की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

श्रीमती सुषमा सिंह, मा0 सदस्य द्वारा मा0 प्रबन्ध परिषद की 39वीं बैठक के प्रस्ताव संख्या 39.4 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में ई. दीपक कुमार मिश्रा के वेतन निर्धारण संबंधी कार्यवाही की जानकारी चाही गयी। इस सम्बन्ध में वित्त नियन्त्रक द्वारा अवगत कराया गया कि ई0 दीपक कुमार मिश्रा की M.Tech की डिग्री के सम्बन्ध में कुलसचिव से आख्या चाही गयी है। कुलसचिव द्वारा M.Tech की डिग्री मान्य/अमान्य के सम्बन्ध में आख्या प्राप्त होने के उपरांत वेतन निर्धारण की कार्यवाही की जायेगी।

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक)/वित्त नियन्त्रक)**

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

G. Prasad
Dr. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

2. मा0 प्रबन्ध परिषद की 39वीं बैठक दिनांक 07 जनवरी, 2019 की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

श्रीमती सुषमा सिंह एवं श्री मनोहर सिंह तोमर, मा0 सदस्यगण द्वारा मा0 प्रबन्ध परिषद की 39वीं बैठक के प्रस्ताव संख्या 39.6 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में वर्ष 2003 से कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर/डाटा एंट्री आपरेटरों के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी। इस सम्बन्ध में श्री ओमप्रकाश शर्मा, मा0 विधायक, विधान परिषद द्वारा यह मत व्यक्त किया गया कि इतने वर्ष की सेवा के उपरांत भी इनका समायोजन न किया जाना अत्यंत खेदजनक है एवं 15–16 साल से लगातार कार्य कर रहे व्यक्ति को संविदा मे कैसे माना जा सकता है। वित्त नियंत्रक द्वारा अवगत कराया गया कि अस्थाई/नियमित कर्मचारी एवं संविदा कर्मचारी दोनों अलग–अलग है एवं इनकी सेवा–शतें भी अलग–अलग है।

उपर्युक्त प्रकरण पर मा0 प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय में वर्ष 2003 से कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर/डाटा एंट्री आपरेटरों को कार्यभार की तिथि से उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 1725/12–8–2002 –500(10)/ 2001 दिनांक 17 सितम्बर, 2002 के अन्तर्गत अन्य लाभ यथा सी0सी0ए0+एच0आर0ए0 के नियमानुसार भुगतान एवं उपार्जित अवकाश की सुविधा के साथ–साथ महिला कार्मिकों को प्रसूति एवं बाल्यकाल देखभाल अवकाश की नियमानुसार देने की संस्तुति की गयी।

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक)/वित्त नियन्त्रक)**

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ

Dr. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

**प्रस्ताव संख्या 40.3 : विद्वत परिषद की 69वीं बैठक दिनांक 23 जनवरी, 2019 के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 69वीं बैठक दिनांक 23 जनवरी, 2019 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।

**(कार्रवाईः कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या–40.4: वित्त समिति की त्रयोदश (13वीं) बैठक दिनांक 26.02.2019 के निर्णयों का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय की वित्त समिति की त्रयोदश (13वीं) बैठक दिनांक 26.02.2019 के निर्णयों का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया।

**(कार्रवाईः वित्त नियन्त्रक)**

**अन्य बिन्दुः–**
**प्रस्ताव संख्या–40.5 :**
**मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्तावः–**

मा0 प्रबंध परिषद की 38वीं बैठक मे प्रस्ताव संख्या–38.7 पर विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 68वीं बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–9–अन्य प्रस्ताव–2 सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अधीन कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यरत Programme Assistant/Farm Manager /Programme Assistant (Computer) कर्मचारियों की प्रमोशन पालिसी लागू किए जाने के प्रस्ताव के संबंध मे आई0सी0ए0आर0, नई दिल्ली से नियम एवं परिनियम प्राप्त कर मा0 प्रबंध परिषद की आगामी बैठक मे प्रस्तुत मा0 प्रबंध परिषद

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक

Dr. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T.

की स्वीकृति के उपरांत आई0सी0ए0आर0 से अनुमोदन के उपरांत लागू किए जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

आई0सी0ए0आर0 नियमावली पर बैठक मे चर्चा न होने के कारण इस पर एक कमेटी बनाकर अध्ययन कर मा0 प्रबंध परिषद की आगामी बैठक में अनुमोदन के लिए रखा जाये और मा0 प्रबन्ध परिषद की बैठक में अनुमोदन के बाद लागू किया जाये।

**(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक))**

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

**(अवध नारायण)**
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

अनुमोदित

**(डॉ0 गया प्रसाद)**
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद

Dr. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut